हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 20 जनवरी 2026

04 बेटियों को मोबाइल नहीं, तलवार चलाना सिखाएं...



07 अस्पताल से प्रसूता को टिफिकल बताकर किया रेफर, गेट...





## समाचार संक्षेप

### गुना एवं अशोकनगर जिले के अनुज्ञप्तिधारियों की आयोजित हुई एक महत्वपूर्ण बैठक



**गुना।** आगामी ठेका वर्ष 2026 -27 हेतु शासन नीति अनुरूप संभावित आबकारी राजस्व प्राप्त किए जाने एवं आबकारी नीति अनुरूप कंपोजिट मदिरा दुकानों के संचालन हेतु गुना एवं अशोकनगर जिले के अनुज्ञप्तिधारियो की एक महत्वपूर्ण बैठक संदीप शर्मा उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़न दस्ता ग्वालियर संभाग एवं जिला आबकारी अधिकारी जीपी केवट द्वारा जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय गुना में आयोजित की गई । बैठक में जिले की समस्त मदिरा दुकानों के आगामी वर्ष हेतु निष्पादन की संभावनाएं, पुनर्स्थापना, सीमा विस्तार एवं दुकानों के लिए आपत्ति रहित स्थल पर शासकीय भूमि की उपलब्धता जैसे अहम विषयों पर चर्चा की गई । समस्त अनुज्ञप्ति धारी को शासन की आबकारी नीति के नियमों का समुचित पालन किए जाने एवं विभागीय अधिकारियों को उक्त नियमों का सत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने हेतु समस्त मदिरा दुकानों पर निगरानी रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सी एम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही कर त्वरित निराकरण किया जाने हेतु भी निर्देशित किया गया ( ताकि आमजन को कोई शिकायत न प्राप्त हो सके बैठक में समस्त सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उप निरीक्षक तथा दोनों जिलों के अनुज्ञप्तिधारी उपस्थित रहे ।

### आज मेंटेनेंस के चलते विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना ।** सहायक प्रबंधक शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 220/132/33 केव्ही ईएचव्ही गुना उपकेन्द्र पर 50 एमव्हीए नवीन पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापना कार्य तथा विभागीय निर्माण कार्य होने से दिनांक 20 जनवरी 2026 को प्रातः10 बजे से दोपहर 03 बजे तक 33 केव्ही उच्चदाब कनेक्शन पुराना औद्योगिक क्षेत्र, विधार्थीनगर, विध्यांचल कॉलोनी, राज कॉलोनी, बी.जी. रोड़, आदर्शनगर, रामकृष्ण कॉलोनी, कृष्पणी कॉलोनी, साई सिटी कॉलोनी, भुल्लनपुरा वाला क्षेत्र,श्रीराम कॉलोनी, रशीद कॉलोनी, बांसखेडी, रेल्वे फाटक तक, मालपुर रोड़, सांईसिटी कॉलोनी एवं संस्कार सिटी वाला क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाय़ा भी जा सकता है।

### नाप-तौल में अनियमितता पर4 प्रकरण दर्ज

**गुना।** आम जनता को सही तौल में सामग्री उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुना नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों की नाप-तौल निरीक्षक द्वारा जांच की गई।



निरीक्षण के दौरान पीताम्बरा कचौड़ी तैलघानी चौराहा, सांची मिल्क पार्लर तलैया मोहल्ला, महावीर गजक भण्डार नईसड़क तथा अपना स्वीट्स तैलघानी में नाप-तौल संबंधी अनियमितताएं पाई गईं। संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत चार प्रकरण दर्ज किए गए हैं। उपभोक्ताओं के हित में यह जांच कार्य निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दो मोटर साइकिल की टक्कर में तीन व्यक्ति हुए घायल, डायल-112 जवानों ने पहुंचाया अस्पताल

**गुना।** जिले के थाना राघौगढ़ क्षेत्र में आरोन-पाटन रोड़ पर दो मोटर साइकिलों की आपस में टक्कर हो गयी है, जिसमें 03 व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 18-01-2026 को दोपहर 1:38 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल राघौगढ़ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक देवेंद्र धाकरे एवं पायलेट कृष्णा मीना ने मौके पर पहुँचकर बताया की दो मोटर साइकिलों की आपसी टक्कर हो गयी थी, जिसमें 03 व्यक्ति घायल हो गए है।डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी घायलों को एफआरव्ही वाहन से लेकर शासकीय अस्पताल सांडा में भर्ती करवाया, जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।



### युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला 28 को किया जाएगा आयोजित

**गुना।** युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेले 28 जनवरी को सुबह 11 बजे से शासकीय महाविद्यालय बीनागंज, चांचौड़ा में किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य आकांक्षी युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। नोडल अधिकारी एवं जिला रोजगार अधिकारी बी.एस. मीना ने बताया कि यह जिला स्तरीय रोजगार मेला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, उच्च शिक्षा विभाग एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से आयोजित किया जा रहा है।

---

**शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बजरंगगढ़ में बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यशाला का किया आयोजन**

# लड़की की आयु 18 और लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने पर ही माता-पिता करें उनका विवाह : सहायक संचालक चंदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग गुना द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 100 दिवसीय जागरूकता सत्र अंतर्गत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बजरंगगढ़ गुना में बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती गिरिजा जाटव प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जाटव ने प्रतिभागी बालक बालिकाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में जानकारी दी एवं वन स्टॉप सेंटर, हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास सहायक संचालक श्री दिनेश कुमार चंदेल द्वारा बाल विवाह निषेद अधिनियम का उद्देश्य केवल बाल विवाहों पर रोक लगाना नहीं बल्कि उन्हें पूरी तरह से प्रतिबंधित करना है। इस अधिनियम का उद्देश्य भारत में बाल विवाह की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटना और एक व्यापक तंत्र स्थापित करना है। अधिनियम के तहत ऐसे बाल विवाहों पर रोक है, जिनमें महिला की आयु 18 वर्ष से कम और पुरुष की आयु 21 वर्ष से कम हो। अधिनियम में राज्य सरकार द्वारा बाल विवाह निषेध अधिकारी की नियुक्ति का प्रावधान हैं जो कि जिले स्तर पर कलेक्टर, सी. ई. ओ. जिला पंचायत विकासखण्ड स्तर पर एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत एवं परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास होते हैं।



सहायक संचालक श्री चंदेल ने बताया कि बाल विवाह होने पर कोई भी व्यक्ति बाल विवाह की सूचना हेल्पलाइन नंबर या बाल विवाह निषेध अधिकारी, पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता या महिला बाल विकास के कार्यालय में दे सकता हैं। सूचना देने वाले का नाम विभाग द्वारा गुप्त रखा जाता है। अंत मे अधिकारीयों एवं प्रतिभागीयों द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ ली गई।

कार्यक्रम के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बजरंगगढ़ गुना के प्राचार्य राजे खान, महिला एवं बाल विकास विभाग से मुकेश शिवहरे, रूपेश परिहार आदि उपस्थित रहे।

---

## जब सड़कें भी जनता खुद बनाएगी तो नेता वोट की उम्मीद छोड़ दें

**आक्रोशित लोगों ने रखे बुनियादी सवाल:**

# जनभावनाएं आहत, व्यवस्था पर सवाल उठाए फिर जनता ने खुद उठाया विकास करने का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना सरकार और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी होती है, लेकिन जब यही संस्थाएं वर्षों तक आंख मूंदे बैठी रहें, तो जनता का सब्र आखिरकार टूट ही जाता है। ऐसा ही कुछ इन दिनों शहर में देखने को मिल रहा है, जहां इंतजार करते-करते लोग या तो बगावत पर उतरने की कगार पर पहुंच गए हैं या फिर खुद ही अपने हिस्से का विकास करने को मजबूर हो रहे हैं।शहर में एक नहीं बल्कि तीन अलग-अलग स्थानों पर ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां जनता ने नगर पालिका और प्रशासन से निराश होकर अपने निजी खर्चे और जनभागीदारी से सड़क निर्माण करा दिया। यह हालात सिर्फ विकास की कहानी नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता का खुला प्रमाण हैं।







### गोविंद गार्डन

चंदे से बनी सड़कगोविंद गार्डन क्षेत्र के रहवासी वर्षों से जर्जर सड़क, कीचड़ और गड्ढों की समस्या से जूझ रहे थे। शिकायतें, आवेदन और गुहार सब बेअसर रहे। अंततः रहवासियों ने आपस में चंदा इकट्ठा किया और अपने मोहल्ले की सड़क खुद बनवा डाली। यह कदम जहां सामूहिक जागरूकता का उदाहरण है, वहीं जिम्मेदारों के लिए एक शर्मनाक आईना भी।

### विकास नगर

यहां कॉलोनाइजर ने सार्वजनिक सड़क का निर्माण कार्य कराया है। गोविंद गार्डन की तरह ही विकास नगर में भी ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जहां एक कॉलोनाइजर ने आम जनता के उपयोग की सड़क को अपने निजी खर्च पर बनवाया। सवाल यह है कि जब सड़क सार्वजनिक है, तो उसका निर्माण सरकारी जिम्मेदारी क्यों नहीं।

### तीसरा मामला फिर वही कहानी, फिर वही मजबूरी

अब इसी इलाके में एक और सड़क का निर्माण स्थानीय रहवासियों द्वारा जनभागीदारी से शुरू किया गया है। यानी यह कोई अपवाद नहीं रहा, बल्कि धीरे-धीरे एक चलन बनता जा रहा है।जो भविष्य के लिए बेहद चिंताजनक संकेत है।

### कहां-कहां निजी तौर पर हुआ सड़क निर्माण

गोविंद गार्डन – रहवासियों ने चंदा इकट्ठा कर सड़क बनवाई।विकास नगर – कॉलोनाइजर ने सार्वजनिक सड़क अपने खर्च से बनाई।इसी क्षेत्र की एक अन्य सड़क – रहवासियों द्वारा जनभागीदारी से निर्माण कार्य प्रारंभ।

### व्यवस्था पर बड़ा सवाल

कुल मिलाकर शहर में यह चलन अब चर्चा का विषय बन चुका है। यह स्थिति जिम्मेदारों के मुंह पर करारा तमाचा है, जो जनता को उनके हक का विकास देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। अगर यही सिलसिला चलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब पूरा शहर निजी खर्चे से सड़कें बनाता नजर आएगा।तब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होगा कि जब सड़क, नाली और बुनियादी सुविधाएं हमें खुद ही बनानी हैं, तो टैक्स किस बात का?और जब अधिकार नहीं मिलते, तो वोट देने का औचित्य क्या है?यह सिर्फ सड़कों की कहानी नहीं है, यह विश्वास टूटने की कहानी है और अगर अब भी जिम्मेदार नहीं जागे, तो यह गुस्सा कभी भी बड़े जनआक्रोश में बदल सकता है।

---



यातायात पुलिस की सघन वाहन चेकिंग

# नियम उल्लंघन पर की सख्त चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुकेश कुमार दीक्षित के सतत पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह द्वारा यातायात बल के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान जिन बसों के फिटनेस प्रमाण पत्र एवं परमिट अमान्य पाए गए, उनके विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान एक ग्रामीण को ट्रैक्टर में सरिया लादकर अत्यंत खतरनाक तरीके से परिवहन करते हुए पाया गया। यातायात पुलिस ने उसे समझाइश दी कि इस प्रकार सरिया का परिवहन न केवल उसके लिए बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य नागरिकों के लिए भी जानलेवा हो सकता है।

### मानवीय दृष्टिकोण अपनाया

ग्रामीण द्वारा आर्थिक कमजोरी का हवाला देते हुए बताया गया कि वह अपने मकान निर्माण के लिए सरिया ले जा रहा है और ट्रक-ट्रॉला की व्यवस्था करने में असमर्थ है। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए यातायात पुलिस ने सरिया के पीछे लाल कपड़ा बंधवाया एवं सुरक्षित परिवहन के निर्देश देकर उसे आगे रवाना किया, साथ ही भविष्य में नियमों के पालन की सख्त हिदायत दी।

अभियान के दौरान कुल 15 वाहनों पर 22,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं गत दिवस पीतांबरा ट्रैवल्स की बस में 26 सवारियों की ओवरलोडिंग पाए जाने पर आज माननीय न्यायालय द्वारा 15,200 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

### सुरक्षा ही उद्देश्य

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल चालानी कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य आमजन की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है।

यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों और नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, क्योंकि नियमों की अनदेखी एक छोटी गलती नहीं, बल्कि किसी की जान के लिए खतरा बन सकती है।

---

# सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण में तीन वर्ष से फरार 15 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

राघौगढ़ पुलिस की सतत मेहनत से बड़ी सफलता, आरोपी जेल भेजा गयागुना।गंभीर अपराधों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए गुना पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के एक सनसनीखेज प्रकरण में लगभग तीन वर्षों से फरार चल रहे 15,000 रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।





यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं प्रभावी नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में की गई।परिवीक्षाधीन डीएसपी एवं राघौगढ़ थाना प्रभारी आनंद कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फरार आरोपी दीपक भील (21) निवासी ग्राम इमलियापान, थाना मधुसूदनगढ़ को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14 मार्च 2023 को राघौगढ़ थाने में 35 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार वह एक कार्यक्रम में शामिल होने आई थी, जहां से आरोपी भगवान सिंह भील उसे बहाने से मोटरसाइकिल पर सुनसान स्थान पर ले गया। वहां अन्य आरोपियों की मदद से उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया गया। इस मामले में थाना राघौगढ़ में अपराध क्रमांक 135/23 धारा 376(डी) भादवि के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा तत्पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी भगवान सिंह भील सहित अन्य सह आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था, जबकि अंतिम आरोपी दीपक भील लगातार फरार चल रहा था।इनामी घोषित कर तेज की गई तलाशलंबे समय से फरार आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर आरोपी पर 15,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया।

इसके बाद राघौगढ़ थाना पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और तकनीकी संसाधनों की मदद से निरंतर निगरानी एवं विश्लेषण किया।प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 19 जनवरी 2026 को आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

---

## सीसीटीवी कैमरों की मदद से चंद घंटों में फरियादियों को वापस मिली उनकी खोई हुई अमानत

# गुना पुलिस की तत्परता से ऑटो में छूटे बैग व मोबाइल सुरक्षित लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के कुशल एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा आमजन की सहायता एवं जनविश्वास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निरंतर मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को घटित तीन अलग-अलग घटनाओं में ऑटो में छूटे बैग और मोबाइल फोन को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चंद घंटों में सुरक्षित रूप से फरियादियों को वापस कराया। पहली घटना में फरियादी ध्रुव कुमार जैन, निवासी आरोन का बैग भुल्लनपुरा से रेलवे स्टेशन जाते समय ऑटो में छूट गया था। बैग में शैक्षणिक मार्कशीट, आवश्यक दस्तावेज एवं 1500 रुपये नगद थे।

दूसरी घटना में कृष्णा शर्मा, निवासी सीताराम कॉलोनी का मोबाइल फोन हनुमान चौराहा से सीताराम कॉलोनी जाते समय ऑटो में रह गया। तीसरी घटना में मोनू अहीरवार, निवासी गुलाबगंज कैंट का नया मोबाइल तेलघानी से कैंट चौराहा आते समय ऑटो में छूट गया।



### सीसीटीवी फुटेज से ऑटो चिन्हित

तीनों घटनाओं से चिंतित फरियादी गुना पुलिस के सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंचे और पूरी जानकारी दी। सीसीटीवी कंट्रोल प्रभारी निरीक्षक विकास उपाध्याय के निर्देश पर स्टाफ द्वारा तत्काल संबंधित मार्गों के कैमरों के फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया।

तकनीकी जांच के आधार पर संबंधित ऑटो चिन्हित कर चालकों से संपर्क किया गया। ऑटो चालकों को कंट्रोल रूम बुलाकर विधिवत सत्यापन के बाद फरियादियों को उनका बैग और मोबाइल सुरक्षित रूप से सौंप दिए गए।

### पुलिस की सराहना

पुलिस की सजगता, तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग और मानवीय दृष्टिकोण से फरियादियों को उनकी खोई हुई वस्तुएं कुछ ही घंटों में वापस मिल सकीं। तीनों फरियादियों ने गुना पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## समाचार संक्षेप

### ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम का आयोजन

**राघौगढ़।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन वंदन के साथ किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह लाखनोत ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश के अंतर्गत ग्रामों को आदर्श बनाकर 2047 तक भारत को विकसित बनाना है और स्वदेशी को अपनाकर मध्य प्रदेश एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।मंगल सेवा समिति के सचिव सुरेश केवट जी ने स्वामी विवेकानंद जी के संस्मरण सुनाते हुए ग्राम विकास की अपील की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महोदय एवं मुख्य वक्ता विवेकानंद स्कूल रूठियाई संचालक एवं वरिष्ठ समाज सेवक आनंद भार्गव जी ने स्वामी विवेकानंद जी को नमन करते हुए बताया कि ग्रामों में रामराज्य लाकर ही ग्रामोदय किया जा सकता है इसके लिए ग्रामवासियों को जैविक कृषि, स्वदेशी, संस्कार शालाओं, गो पालन, कृषि आधारित उद्योग, और राष्ट्र प्रेम को बढ़ावा देना होगा। मध्य प्रदेश का अभ्युदय होगा तो भारत का भी अभ्युदय होगा। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता महेश कुमार शर्मा ने किया। जगदीश बैरागी ने आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम वित्त पोषित नवांकुर संस्था से ललित जैन, सोनू बैरागी, एवं प्रस्फुटन समिति से अमोल सिंह सहित सभी समितियों के सदस्य उपस्थित रहे। परामर्शदाता दीपक श्री वास्तव, देवेन्द्र सिंह, चैन सिंह एवं CMCLDP छात्र उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में महेश कुमार शर्मा जी द्वारा सभी को स्वदेशी अपनाने एवं आत्म निर्भर भारत बनाने तथा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।



### 'संकल्प से समाधान शिविर' का आयोजन

**राघौगढ़।** नगर पालिका परिषद राघौगढ़ के तत्वावधान में जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने और स्थानीय समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 'संकल्प से समाधान शिविर' का आयोजन किया गया। यह शिविर वार्ड 4 के निर्धारित स्थल गांधी वाचनालय में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।शिविर में मुख्य रूप से वार्ड 4 से पार्षद गोपाल पटवा उपस्थित रहे। उनके साथ वार्ड के दल प्रभारी एवं नगर पालिका के समस्त संबंधित विभागों के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिविर में आए आवेदनों पर गंभीरता से विचार किया।पार्षद गोपाल पटवा ने स्वयं उपस्थित रहकर वार्डवासियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई, बिजली और जल आपूर्ति जैसी बुनियादी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।शिविर में उपस्थित कर्मचारियों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (जैसे- आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, और पेंशन योजना) के बारे में जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों के फॉर्म भरवाए गए।मौके पर मौजूद शिविर प्रभारी विशाल बाबू शर्मा आजीविका मिशन से सिटी मिशन मैनेजर जयंती मलिक दल प्रभारी सत्येंद्र सोनी वार्ड प्रभारी शाहरुख खान महिला बाल विकास से प्रतिनिधि जुलेखा बानो और कर्मचारियों ने कई शिकायतों का स्थल पर ही निराकरण किया, जिससे वार्डवासियों को कार्यालय के चक्कर लगाने से मुक्ति मिली। इस अवसर पर पार्षद गोपाल पटवा ने कहा, ₹हमारा मुख्य उद्देश्य वार्ड के प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान उनके द्वार पर ही करना है। 'संकल्प समाधान शिविर' के माध्यम से हम प्रशासन को जनता के सीधे संपर्क में ला रहे हैं ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति आए।



## आईटीआई प्रांगण में हुआ विराट हिन्दू समागम आयोजित

# बेटियों को मोबाइल नहीं, तलवार चलाना सिखाएं: साध्वी राधाकिशोरी जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

बांग्लादेश में हिंदू माता - बहनों के साथ बलात्कार किया जा रहा है। हाल ही में एक के बाद एक हिन्दू भाईयों को निशाना बनाकर जिंदा जलाया जा रहा है तो कही उनके साथ मारपीट की जा रही है। में आपसे कहना चाहूंगी कि बांग्लादेश के हिंदू भागकर भारत आ गए, पाकिस्तान के हिंदू भागकर भारत आ गए, जब भारत पर संकट आएगा तो भारत के हिंदू भागकर कहा जायेंगे₹ उक्त उद्बोधन आरोन निवासी और वर्तमान में अयोध्या में कथा वाचक साध्वी राधा किशोरी जी ने राघौगढ़ के आईटीआई प्रांगण में सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन के दौरान कही। कार्यकम की शुरुआत भारत माता के चित्र की पूजा कर शुरू किया गया। इसके पहले नगर में कलश यात्रा निकाली गई जो बस स्टैंड से होती हुई कार्यकम स्थल पहुंचीं। जहां मुख्यातिथि द्वारा कन्या पूजन भी किया गया। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम और माता शबरी संवाद मनमोहक प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की मुख्यातिथि साध्वी राधा किशोरी ने कहाकि इस पर हमें विचार करने की आवश्यकता है। हम किसी भी हालात में भारत को बांग्लादेश नहीं बनने देंगे। इसके लिए हमें एक होना पड़ेगा। अगर किसी हिन्दू भाई पर संकट या तकलीफ आएं तो हमें वीडियो बनाने की जगह उसका साथ देना चाहिए, उसकी हिम्मत बनना चाहिए। अगर ऐसा हम करते है तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। हिंदू धर्म पर संयंत्र रचा जा रहा है। हमारे हिन्दुओं को जाति के आधार पर बांटा जा रहा है। हमारी हिंदू ग्रन्थ रामायण हमें सिखाती है कि यह सब अपने परिवार है और अपने परिवार को हमेशा साथ लेकर चलना चाहिए। हिन्दुओं भाइयों से में कहना चाहूंगी कि अपनी बेटियों को मोबाइल चलाना मत सिखाएगी। उन्हें तलवार चलाना सिखाइए। जिससे वह विधर्मियों को धूल चटा सकें, उन्हें नाचना मत सिखाएये, अपनी बेटी को शेरनी की तरह नोचना सिखाइए, जिससे वह विधर्मियों की आंखें नोच सकें। कार्यकम में पधारे विश्व हिंदू परिषद के पूर्व संगठन मंत्री और प्रचारक सुरेंद्र मिश्रा द्वारा शताब्दी वर्ष पर प्रकाश डालते हुए आरएसएस की स्थापना से लेकर वर्तमान में देश के लिए किए योगदान की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रियांश त्यागी और आभार राजेंद्र साहू द्वारा माना गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि को स्वागत में पौधा सौंपा गया।मातृशक्ति की उपस्थिति हर मोर्चे पर गर्व की बात - संगीता गर्ग।विराट हिन्दू समागम में अतिथि महिला समन्वयक की जिला राघौगढ़ की संयोजिका संगीता गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहाकि आरएसएस के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर हिंदू समाज एक उत्सव की तरह कार्यक्रम कर सकता था। लेकिन हमने विराट हिन्दू सम्मेलन की अवधारणा जगह जगह गांवों, बस्ती , मंडलों में प्रस्तुत की। हिंदू समाज पूरे विश्व में एक विशेष रूप से देखा जाने लगा है।




## हिन्दू सम्मेलन में चांचौड़ा भगवामयी राममयीकलश यात्रा व शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

चांचौड़ा नगर रविवार को राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता के रंग में पूरी तरह रंगा नजर आया। नगर में आयोजित भव्य हिन्दू सम्मेलन के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं और नागरिकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कांजी हाउस से प्रारंभ हुई 1100 कलशों की भव्य कलश यात्रा और शोभायात्रा ने पूरे नगर को भगवामय और राममय बना दिया। कलश यात्रा में मातृशक्ति, युवा, वृद्ध, साधु-संत, भजन मंडलियां, रथ-बग्गी और घुड़सवार दल शामिल रहे। रथ पर भगवान श्रीराम दरबार तथा बग्गी पर राधा-कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। घोड़ों पर महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, स्वामी विवेकानंद और झांसी की रानी के स्वरूपों ने आमजन को राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।नगर भगवा पताकाओं से सजा, जगह-जगह स्वागतनगर को भगवा पताकाओं, बंदनवारों और रंगोलियों से सजाया गया। मुख्य चौराहों पर स्वागत द्वार बनाए गए। सामाजिक संगठनों और संस्थाओं ने स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा और जलपान से कलश यात्रा का स्वागत किया। 51 आरती थालियों से भारत माता की आरती की गई। श्रीराम फेरी द्वारा एक सप्ताह तक नगर के मोहल्लों में भारत माता की आरती और "श्रीराम जय राम जय जय राम" की धुन से वातावरण भक्तिमय बना रहा।गौ-तुलसी-भारत माता पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ कम्युनिटी हॉल पहुंची, जहां अतिथियों द्वारा गौ माता, तुलसी एवं भारत माता पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नाट्य मंचन, देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को अपनी विरासत पर गर्व करने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक संत महामंडलेश्वर परम पूजनीय रामबालक दास महाराज (कनक महल, अयोध्या) रहे। मुख्य अतिथि परम पूजनीय दीनबंधु दास महाराज (वागीश धाम) एवं मुख्य वक्ता डॉ. मनीष उपाध्याय उपस्थित रहे। मंच संचालन मुकेश संत ने किया। "जात-पात की करो विदाई, हिन्दू हम सब भाई-भाई" मुख्य वक्ता डॉ. मनीष उपाध्याय ने कहा कि समाज की सभी समस्याओं का उत्तर एक ही है—हिन्दू हम सब एक। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी भाव को समाज परिवर्तन के पाँच सूत्र बताते हुए कहा कि संगठन कोई प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि समाज का स्वभाव होना चाहिए।संतों ने चेतावनी दी कि यदि समाज समय रहते नहीं जागा, तो गुलामी का खतरा फिर उत्पन्न हो सकता है।समापन पर विशाल सहभोजकार्यक्रम के समापन पर हजारों रामभक्तों का भव्य सहभोज भंडारा आयोजित किया गया।



## हिंदू समाज के संगठन से ही राष्ट्र का उत्थान संभव: धर्मेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

आज गुना जिले के छीपोन नमंडल के सतनपुर ग्राम में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम के मंच पर मातृशक्ति की ओर से सुनीता यादव, पूज्य पुजारी श्री परमानंद जी महाराज तथा मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र रघुवंशी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता धर्मेंद्र ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि, "हिंदू समाज के सशक्त संगठन से ही राष्ट्र का उत्थान संभव है। बिना सामाजिक शक्ति के किसी भी राष्ट्र का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता।" उन्होंने इस बात पर बल दिया कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि हिंदू समाज अपनी संस्कृति, मूल्यों और परंपराओं के प्रति जागरूक होकर संगठित और शक्तिशाली बने। उन्होंने आगे कहा कि हिंदू संस्कृति केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। समाज में एकता, अनुशासन और परस्पर सहयोग से ही देश को सशक्त बनाया जा सकता है।




## आरोन में श्रीमद् भागवत कथा का चतुर्थ दिवस भक्ति और भाव-विभोर वातावरण में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

श्री राधा माधव सत्संग सेवा समिति, आरोन के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कथा व्यास पं. रामदयाल शास्त्री जी ने भागवत के अनेक दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

चतुर्थ दिवस की कथा में पं. शास्त्री जी ने प्रियव्रत वंश, ऋषभदेव भगवान तथा जडभरत एवं राजा रघुगण संवाद 28 प्रकार के नरकों का वर्णन करते हुए मानव जीवन में सत्कर्म, भक्ति और सदाचार के महत्व को समझाया। कथा के दौरान राम नाम की महिमा पर विशेष प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात भक्त प्रह्लाद चरित्र, गज-ग्राह (गजेंद्र मोक्ष) प्रसंग, समुद्र मंथन एवं वामन अवतार की कथा सुनाई गई, जिसे सुनकर श्रोता हरि-भक्ति में डूब गए। कथाक्रम में आगे भगवान श्रीरामचंद्र जी के अयोध्या में अवतार का वर्णन किया गया। प्रभु श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा और विविध लीलाओं का सुंदर चित्रण किया गया। इसके पश्चात कथा ने मोड़ लिया मथुरा, जहाँ कंस की कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का अवतार हुआ।

प्रभु के गोकुल आगमन एवं धूमधाम से नंदोत्सव मनाया सुनकर पूरा पंडाल ₹नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की₹के जयघोष से गूंज उठा।कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ चतुर्थ दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में श्री राधा माधव सत्संग सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सेवाभावी भक्तों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।









## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश का सेक्टर स्तर पर भौरा खाती में हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोक नगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक अशोकनगर के सेक्टर 3 तुमेंन ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन पंचायत भवन भोराखाती में किया। जिसके मुख्य अतिथि बलबीर यादव ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव ने अध्यक्षता की। सर्वप्रथम अतिथियों ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्या अर्पण कर अतिथियों का स्वागत किया।

नवांकुर संस्था अक्षर पीठ के कुमार संभव ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया एवं नवांकुर और प्रस्फुटन समितियों के कार्यों को विस्तार पूर्वक रखा। ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा सभी को बताते हुए कहा कि ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश, सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसमें सभी गांव को जोड़ना है गांव की छवि को सुधारना है गांव में छुपी प्रतिभाओं को खोजना है नशा मुक्ति स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण जैविक खेती सामूहिक परिवार को बढ़ाने के लाभ गांव की चैपाल के माध्यम से लोगों को जोड़ना है। मुख्य वक्ता बलवीर यादव समाज सेवी के द्वारा बताया गया कि स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेंद्र देव था वे बचपन से जिज्ञासी रहे उन्होंने मंदिरों में पूजा करने वाले पुजारी और लोगों से पूछा कि आपने भगवान को देखा है तो सभी ने उत्तर दिया नहीं,जब उन्हें सभी जगह से निराशा मिली। 12 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक युवा सप्ताह, आनंद उत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ध्यान और योग हमारे जीवन का आधार है और अहंकार हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है स्वामी की कही बातों को ध्यान में रखते हुए अपने देश के लिए कार्य करना है। इस अवसर गांव के बुजुर्ग रामरतन का साल श्रीफल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया।




## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत रॉयल सिटी कॉलोनी निवासी रवि ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इन्द्रजीत, रमावती प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से इन्द्रजीत प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविन्द्र ओझा, जुल्फा बाई ओझा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखेरी बसारती निवासी गोलू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कैलाश यादव, देवेन्द्र जोगी, जम्बू जोगी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूजा कॉलोनी निवासी लालाराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सलमान खान, सुनील खान व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मनकपुर निवासी मनोज कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुल्तान खां और एक अन्य व्यक्ति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बामौर हुर्रा निवासी हरिराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सतेन्द्र साहू, सीताराम साहू, रामकिशोर साहू और सुल्तान साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सतेन्द्र साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हरिराम साहू, नीरज, रामदास और प्रतिपाल साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालाबाग निवासी मांगीलाल साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सीताराम साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अर्रोन निवासी हीराबाई बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रजिया बाई, जमुनाबाई, तुलसीबाई और सोनू बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रजिया बाई बंजारा ने रिर्पोट दर्ज कराई है कि हीराबाई,अंगूरीबाई, अशोक और नत्थू बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवरछी निवासी किशोर बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्लू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कैथन निवासी सोनू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हल्के भैया यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला अस्पताल में आए दिन होने वाली घटनाओं को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा समिति गठित की गई। जिसे लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलका त्रिवेदी,सिविल सर्जन भूपेन्द्र सिंह शेखावत, एसडीओ लोक निर्माण विभाग अशोक गुप्ता, चिकित्सकीय स्टाफ उपस्थित थे। बैठक में स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड बढाये जाने तथा सीसीटीव्ही कैमरों की संख्या बढाई जाकर सतत मॉनीट्रिंग हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। जिला चिकित्सालय परिसर में रोगियों एवं उनके परिवारों के लिय सहायता केन्द्र व्यवस्थित संचालित किये जाने तथा असामाजिक तत्वों की जिला चिकित्सालय में प्रवेश पर सख्त निगरानी रखे जाने की पहल की गई। सुरक्षा की दृष्टि से होमगार्ड सैनिक की डयूटी लगाये जाने का निर्णय लिया गया। जिला चिकित्सालय में आलार्म सिस्टम लागू करवाकर मॉकड्रिल कराये जाने,महिला प्रसाधन के लिये ओटी के बाहर टायलेट बनवाये जाने, अस्पताल में प्रायवेट लैब बाले सेंपल लेने के लिये आने वालों पर प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निर्णय लिया गया। अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ 01 व्यक्ति को अंदर आने तथा अन्य अटेण्डरों को बाहर रखे जाने के लिये आदेशित किया गया। रात्रिकालीन डयूटी के लिये एम्बूलेंस उपलब्ध है जिसके उपयोग हेतु आदेशित किया गया।



## मांग: पुनरीक्षण कार्य पारदर्शिता से कराएं

**अशोकनगर।** हमारे पडोसी राज्य राजस्थान में जिस प्रकार की धाँधली सामने आयी है। इससे मध्यप्रदेश में हमारी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी आशंकित है कि इस प्रकार की लापरवाही हमारे जिले में न हो। उसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अशोक शर्मा बड़े भैया जिला प्रभारी एस.आई.आर जिला कांग्रेस कमेटी अशोकनगर द्वारा निम्न मांगें रखी गई हैं।

1. फार्म 07 वही मान्य हो जो निर्वाचन आयोग द्वारा छपाकर दिये गये हों। अन्य फार्म स्वीकार नहीं किये जायें। यदि निर्वाचन आयोग से बाहर के छपे फार्म 07 जमा किये गये हों तो उन्हें निरस्त किया जाये।
2. एक बूथ पर एक दिन में अधिकतम 15 फार्म ही बीएलओ द्वारा स्वीकार किये जायें। जिसकी प्रतिदिन की जानकारी तिथि अनुसार सभी राजनैतिक दलों को मुहैया कराई जाये।
3. फार्म 07 एवं 06 भरने वाला व्यक्ति बूथ पर स्वयं उपस्थित हो एवं उनका फोटो लिया जाये। अन्य व्यक्तियों द्वारा भरे फार्म मान्य नहीं किये जायें।
4. यदि जिले में कहीं भी लापरवाही की शिकायत किसी भी बूथ से आती है तो हमारी पार्टी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ विधिसम्मत कार्यवाही करने के लिए बाध्य होगी।

## मुनिश्री के सानिध्य में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

# जिन शासन एकता संघ के सम्मेलन में जिले से कार्यकर्ता शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर में जिन शासन एकता संघ के प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन के वाद जिले की सीमा पर स्थित तीर्थो दय तीर्थ गोला कोट में क्षेत्रिय सम्मेलन का आयोजन दिल्ली पुलिस के पूर्व डी.जी.पी शान्त कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस सम्मेलन में अशोकनगर, मुंगावली, शाढ़ौरा, पिपरई, चन्देरी, ईसागढ़, कदवाया सहित पूरे जिले से एकता संघ के कार्य वाहक विपिन सिंघई जैन समाज महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री विजय धुर्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। सम्मेलन में गुना शिवपुरी ग्वालियर सागर ललितपुर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।


जिला सम्मेलन में निर्यापक श्रमण मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में एकता को जीवन का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि एकता ही बल है। परमार्थ हो या संसार के हर क्षेत्र में एकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री की भावना थी कि ये देश भरत का भारत बने। उन्हीं की भावनाओं के अनुरूप यह संघ बना रहे हैं।

मुनिश्री ने कहा कि अपने आप को सोना बना लो, संसार का कीचड़ तुम्हारा कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। गंदगी हटाने में समय खराब मत करो, अपने बचाव पर ध्यान दो। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैन धर्म हिंसा का मार्ग नहीं सिखाता, बल्कि आत्मरक्षा और आत्मशुद्धि का संदेश देता है। अपने घर से शुरुआत करो, मन-वचन-काय को एक करो। मन में कुछ और वचन में कुछकृऐसी मायाचारी नहीं होनी चाहिए। यदि सत्य नहीं बोल सकते तो मौन रहो, लेकिन झूठ मत बोलो। मुनिश्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि मां, पिता और पुत्रकृयदि इनका संगठन एक हो जाए तो वह भी शक्ति बन जाता है। मन, वचन और कायकृइन तीन में से यदि दो भी एक हो जाएं तो व्यक्ति शक्तिमान बन जाता है। उन्होंने कहा कि परमार्थ के लिए भी संगठन आवश्यक है। जब तक मन-वचन-काय एक नहीं होंगे, तब तक सिद्धि प्रकट नहीं होगी। सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्रम जब तक अभेद नहीं होंगे, तब तक मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं।

**रत्नत्रय की वंदना करें** जिन शासन एकता संघ की सभा शुरू होने के पहले रत्नत्रय की वंदना करें, मुनिश्री ने रत्नत्रय की वंदना का भाव समझाते हुए कहा वंदे सम्यक दर्शनम सबसे पहले हाथ जोड़ें वंदे सम्यक ज्ञानम दृ हाथ जोड़ते हुए गर्दन झुकाएं वंदे सम्यक चारित्रम हाथ जोड़ते हुए, गर्दन झूकाएं वस हो गया इस तरह से कर सकते हैं ।

**जैन समाज कि आवादी घट रही है जन संख्या को लेकर सावधान रहें:पूर्व डीजीपी** सम्मेलन में उपस्थित डीजीपी एस.के. जैन ने समाज को चेताते हुए कहा, "जागो, चेतो। जैन समाज की बर्बादी का एक बड़ा कारण अधिक उम्र में विवाह है। 21 वर्ष के बाद बच्चों के विवाह को लेकर गंभीर होना चाहिए। उन्होंने जनगणना में उपजाति के स्थान पर 'जैन' लिखने की अपील की। साथ ही कहा कि जैन समाज भाषाई रूप से समृद्ध है। "प्रत्येक जैन को कम से कम चार भाषाओं का ज्ञान होता है। संस्कृत और प्राकृत तो हर जैनी पढ़ता हैदृ णमोकार मंत्र, भक्तामर स्तोत्र इसका प्रमाण हैं।उन्होंने मांग की कि हर विश्वविद्यालय में प्राकृत भाषा का कोर्स शुरू होना चाहिए।





## खबर संक्षेप



### एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं परख पोर्टल का प्रशिक्षण आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने हेतु तैयार किए गए एकल सेवा पोर्टल एमपी ई-सेवा पोर्टल का प्रशिक्षण जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों को ई-दक्ष केंद्र में आयोजित किया जा रहा है।इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक 56 विभागों की 500 से अधिक सेवाओं हेतु आवेदन कर सकते। समग्र आईडी के माध्यम से अपनी पात्रता की जांच कर सकता है एवं विभिन्न जारी प्रमाण पत्रों को डाउनलोड कर सकता है। प्रशिक्षण के दौरान परख पोर्टल एवं एसएसओ पोर्टल का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। परख के माध्यम से अधिकारी निरीक्षण/औचक निरीक्षण/सर्वेक्षण कर जानकारी को पोर्टल मे दर्ज कर सकते हैं। एसएसओ पोर्टल के माध्यम से जिला अधिकारी अपने विभाग के विभिन्न पोर्टल को एक प्लेटफॉर्म पर जोड़कर रख सकते हैं एवं इसी पोर्टल के माध्यम से उपयोग कर सकते हैं।

### घर से चांदी की जेवर व नगदी चोरी

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम रांठ निवासी राजीव रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राहुल रघुंवशी 15 से 18 जनवरी के बीच उसके घर से चांदी की चैन व नगदी 20 हजार रूपए चोरी कर ले गया। पुलिस ने नामजद मामला दर्ज किया है।

### जुऐ के दो अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम जंघार में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए रौनक लोधी, दीपक साहू, गिर्राज राठौर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने जिनके पास से ताश की गडडी और 9500 रूपए तथा 3 मोटरसाइकिल जप्त की गई हैं। इसी प्रकार ईसागढ पुलिस ने ही तहसील के पीछे ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अजय जैन, नरेश साहू, पवन सेन, राजकुमार लोधी, नरेश कुशवाह को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 8200 रूपए व 2 मोटरसाईकिल जप्त की हैं।

### रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 30 जनवरी को

**अशोकनगर।** सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के चैथे शुक्रवार को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह के निर्देशन में जिला स्तर पर 30 जनवरी 2026 को रघुवंशी धर्मशाला बायपास रोड अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से रघुवंश शिक्षा परिषद जिला अशोकनगर के सौजन्य से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इस संबंध में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अशोकनगर ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार,उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें एक ही मंच पऱ रोजगार व स्वरोजगार के लिए बेरोजगार युवाओं को लाभान्वित किया जायेगा।

### समाजसेवी लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के गड्डों में पौध रोपण किया

**मुंगावली।** मुंगावली से चंदेरी को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 346 ए सेपरा से साजनमऊ तक पूरी रोड़ उखड़ चुकी है जगह जगह एक एक फिट तक के गड्ढे हो गए है वाहनों का तीन किलोमीटर सड़क तक में चलना मुश्किल हो रहा है। सोमवार को मुंगावली के जनप्रतिनिधियों द्वारा इस प्रकार के गड्ढों में पौधे रोपे ओर प्रशासन सड़क के ठेकेदार का ध्यान आकर्षित किया गया, जनता की आवाज अख्तर खान ने इस तरह का विरोध प्रकट किया। नेशनल हाईवे के कार्यों को घटिया निर्माण दर्शाता है कि जनता कितनी परेशान है कोई सुनने और देखने वाला नही है जबकि यह सड़क मुंगावली से चन्देरी को जोड़ती है।

---

### डॉक्टरों की मनमानी से गर्भवती महिलाओं की जोखिम में जान !

# अस्पताल से प्रसूता को टिफिकल बताकर किया रेफर, गेट पर हुई नॉर्मल डिलेवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला अस्पताल अशोकनगर में डिलेवरी के लिए आई एक प्रसूतिका को सुबह 6 बजे से लेवर रूम से अंदर बाहर किया जा रहा था। प्रसूतिका के परिवार जनों से स्टाफ का कहना था कि टिफिकल केस है भोपाल ले जाना पड़ेगा, कोरे कागज पर साईन भी लिए गए थे, लेकिन प्रसूतिका को लेवर रूम से बाहर ही नार्मल डिलेवरी हो गई जहां महिला और उसका नवजात शिशु पूरी तरह स्वस्थ्य हैं।

जिला अस्पताल में प्रसव कराने आई ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ प्रसूतिकाएं किस प्रकार परेशान होती हैं इसका जीता जागता यह उदाहरण है। सोमवार को लगभग 1 से डेढ बजे के बीच जब एक प्रसूतिका ने प्रसूती गृह के बाहर ही शिशु को जन्म दे दिया। हालांकि उस दौरान महिलाओं ने पूरी तरह से प्रसूतिका को प्लास्टिक के त्रिपाल से कवर कर लिया था। इतना सब कुछ होने के बाद प्रसूती गृह में तैनात स्टाफ को वहां मौजूद महिलाओं और पुरूषों ने सूचना दी कि प्रसूती गृह के बाहर एक महिला की डिलेवरी हो गई है। तब प्रसूती गृह से चिकित्सा स्टाफ नर्स और हेल्पर सामग्री लेकर महिला तक पहुंचे। बच्चे की नाल काटी गई और बच्चे को लेवर रूम में अन्दर ले जाया गया। इसी दौरान व्हील चेयर से उक्त महिला को भी लेवर रूम में ले जाया गया। यह सारी प्रक्रिया 15 से 20 मिनट तक प्रसूती गृह के बाहर चलती रही।









### सुबह 6 बजे से कहा जा रहा था कि यहां डिलेवरी नहीं हो पाएगी, भोपाल ले जाना पड़ेगा-पति शिशुपाल अहिरवार

इस दौरान महिला के पति शिशुपाल अहिरवार निवासी नारायणपुर ने बताया कि वह मेरी पत्नी राजमाता है। उसकी उम्र 32 वर्ष है। हमारे यहां पहले से ही 4 लड़कियां हैं, अभी राजमाता ने पुत्र को जन्म दिया है। हम सुबह 6:00 बजे ही अस्पताल आ गए थे सुबह जांच कराने के बाद बताया गया कि यहां डिलेवरी नहीं हो पाएगी, तुम्हे भोपाल ले जाना पड़ेगा और एक कोरे कागज पर मुझसे हस्ताक्षर करा लिए। और मेरी पत्नी को प्रसूती गृह के समीप बने एक कक्ष में भर्ती कर दिया। उसे लेवर रूम में बुलाया था उसे जांच के बाद फिर प्रसूती गृह से बाहर कर दिया था। उसे बहुत दर्द हो रहा था उसे लेकर परिवार की महिलाएं प्रसूती गृह जां रहीं थी तभी प्रसूती गृह के बाहर उसने बच्चे को जन्म दे दिया। गनीमत यह रही कि उसके साथ महिलाएं थी जो प्रसूतिका के साथ कपड़े भी रखकर लाए थे जिससे कि यदि पलंग न मिले तो उसे डॉक्टरी सलाह पर अस्पताल में रखा जा सके।

### प्रसूतिकाएं होती हैं परेशान

इस दौरान प्रसव कराने आईं महिलाएं और उनकी परिवार जन भी दबे मुंह यह चर्चा करते हुए दिखे कि यहां का स्टाफ प्रसूतिकाओं को परेशान करता है। प्रसूतिका और शिशु स्वस्थ्य हैं और उसका उपचार जारी है। जब इसकी जानकारी सिविल सर्जन भूपेन्द्र शेखावत को दी गई तब स्टाफ और प्रसूतिका के उपचार का पर्चा कार्यालय में मंगाया गया। भोपाल के लिए किसने चर्चा की और कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराने की जांच कराई जाएगी-सिविल सर्जन जब इस प्रकार की प्रसूति की जानकारी सिविल सर्जन को लगी। सिविल सर्जन ने बताया कि मुझे जानकारी है प्रसूतिका के परिवार जनों से प्रसूती गृह में कोरे पर्चे पर हस्ताक्षर कराए जाते हैं। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर उन लोगों पर कार्यवाही करने का निर्णय लिया है जो उस समय ड्यूटी पर थे जिनकी देख रेख में महिला का प्रसव होना था। यह भी जानकारी ली जाएगी कि महिला से या उसके परिवार जनों से भोपाल के बारे में किसने चर्चा की।

---

### परिवार रेलवे में मजदूरी करता था


## ट्रेन की चपेट में आने से डेढ़ वर्षीय बालिका की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शिवपुरी जिले की खनियांधाना तहसील के अंतर्गत एक आदिवासी परिवार रेलवे ठेकेदार के माध्यम से रेल पटरियों पर गिटटी बिछाने का काम करने के लिए अशोकनगर आया था। वह मजदूरों के साथ अशोकनगर से रातीखेडा रेलवे ट्रेक पर अशोकनगर के समीप जब वह गिटटी बिछा रहा था, तभी रेलवे लाईन के समीप बनी झोपड़ी से निकल कर बालिका रेलवे ट्रेक पर आ गई। इसी दौरान एक माल गाड़ी तेज रफ्तार से आ रही थी जिससे उक्त बालिका को गाडी की जोर से फटकार लगी और वह ट्रेक के नीचे गिटटी पर गिर गई। जैसे ही इसकी जानकारी मजदूरी कर रहे परिवार जनों को और पुलिस को लगी तो परिवार जन पहले ही बच्ची को लेकर अस्पताल की ओर आने लगे थे, इसी दौरान वाहन पहुंचा और परिवार के साथ बच्ची को जिला अस्पताल लाया गया। जहां अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। परिवार वालों ने मृतिका का नाम नैन्सी पुत्री मुरारी आदिवासी बताया है। उन्होंने बताया कि अशोकनगर के समीप गौड़ बाबा मंदिर के पास वह टपरा बनाकर रह रहे थे और रेलवे की गिटटी बिछाने का काम करते थे।

### वंदे मातरम राष्ट्रगीत का संपूर्ण गायन किया



**अशोकनगर।** सोमवार को स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में प्रातः 10:30 बजे महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 17 में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के निर्देशन में महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारी व छात्रों की उपस्थिति में वंदे मातरम राष्ट्रगीत का संपूर्ण गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय सिंह प्रभारी भारती ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ व 80 छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

---

स्कूल प्रबंधन दो माह पहले अनहोनी की आशंका बताकर लिख चुका है पत्र

## लापरवाहीः जहां खेलते हैं नौ निहाल, वहां हाईवे की नाली टूटकर गड्ढा बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र में निर्माणाधीन नेशनल हाईवे की गुणवत्ता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं लेकिन न तो प्रशासनिक अधिकारी कोई गंभीरता दिखा रहे और न ही निर्माण कंपनी काम की गुणवत्ता में सुधार कर रही। ऐसे में कंपनी के कुछ निर्माण कार्य तो सीधे खतरे का कारण बन रहे हैं।

ताजा मामला कुकावली गांव का है, जहां एकीकृत शाला परिसर के सामने से गुजरे नेशनल हाईवे पर बनाई गई नाली का स्लैब बीस फीट की लंबाई में ही दो जगह से टूट गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली के स्लैब पर जहां से ट्रॉली निकाल दो वहीं से टूट जाता है। बताया गया है कि करीब तीन माह पहले जब एक ओर से ट्रैक्टर ट्रॉली निकाले गए तो ट्रॉली का पहिया नाली के स्लैब में टूटने से धंस गया, ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से ट्रॉली को बाहर निकाला। वहीं चार दिन पहले जब दूसरी ओर से ट्रॉली निकाली गई तो यहां भी स्लैब टूटकर अंदर घुस गया और ट्रॉली पलटने से बची। ग्रामीणों का कहना है कि स्लैब केवल वहीं मजबूत है, जहां ग्रामीणों ने निर्माण के समय स्वयं के व्यय पर सरिया और सीमेंट लगवाया। चूंकि स्कूल के सामने बने स्लैब में कंपनी ने स्वयं काम किया, इसके लिए यहां गुणवत्ताहीन काम हुआ है।




### रोजाना गुजरते हैं 62 बच्चे, गिरने का खतरा

एकीकृत शाला के प्रधानाध्यापक हरिशंकर मखेनिया ने बताया कि करीब तीन माह पहले जब पहली बार नाली का स्लैब टूटने से गड्ढा हुआ था, तब उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को इस गड्ढे से अनहोनी की आशंका बताते हुए पत्र लिखा था। क्योंकि कक्षा एक से आठ तक संचालित इस शाला में कुल 62 बच्चे पढ़ते हैं। इसी परिसर में आंगनवाड़ी केंद्र भी संचालित था। नन्हे मुन्ने बच्चे खेलते समय या नाली पार करते समय इन गड्ढों में गिर सकते हैं। किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### सुमेर में भी टूट गई थी नाली मरम्मत कराई

कुकावली के अलावा नजदीकी ग्राम सुमेर में भी नाली की स्लैब दो जगह टूट गई थी। सुमेर में एक जगह नाली पर ट्रॉला पलटने से तो एक जगह यात्री बस का पहिया आ जाने से स्लैब टूट गई थी हालांकि कंपनी ने कुछ दिनों पहले इसकी मरम्मत करा दी है। वहीं बहादुरपुर में भी पुलिस थाने के पास नाली का स्लैब धंस गया है। बहादुरपुर में तो अधिकांश लोगों ने नाली बनते समय मजबूती के लिए स्वयं ही सीमेंट और सरिया लगवाया था।

### डायग्नोस्टिक टीम के सदस्यों ने फसलों का किया निरीक्षण

**अशोकनगर।** अशोकनगर विकासखंड के ग्राम रातीखेड़ा में कृषक कृष्णभान सिंह यादव के यहां चना एवं मसूर में पीले पन की समस्या आ रही थी जिले में गठित डायग्नोस्टिक टीम के सदस्य डॉक्टर बी एस गुप्ता प्रधान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर डॉक्टर वीके जैन वैज्ञानिक एवं आत्मा परियोजना के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक डॉ बैजनाथ सिंह यादव ने कृषक के खेत पर जाकर आ रही समस्याओं को देखा और मौके पर ही उनका समाधान किया। कृषक के खेत पर निरीक्षण करने पर पाया गया की मसूर एवं चना की फसल में सिंचाई के बाद पीलापन आ रहा था जो कि बहाव पद्धति से गहरी जमीन में ज्यादा पानी होने से इस तरह के लक्षण दिखते है, जिससे जड़ सड़न और कॉलर रॉट की मिश्रित समस्या दिखाई देती है इसके निदान के लिए थैओफनेट मिथाइल 70 प्रतिशल का 2 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी के साथ अथवा मेटालक्सिल $ मैंकोजेब दवा का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी के हिसाब से स्प्रे करने की सलाह दी गई।



---

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन की मंशानुरूप शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समयावधि के पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला अधिकारी संस्थागत इकाईयां का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करायें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत विभागीय ग्रेडिग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि फाइनल ग्रेडिग के पूर्व विभागीय अधिकारी विशेष ध्यान दें। संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत विभागीय प्रगति की समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि अधिकारी अपने- अपने विभाग के तहत योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों का इंद्राज पोर्टल पर करें। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनावार लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। शासन की नीति तथा योजनाओं के लाभ से कोई अछूता न रहे। उन्होंने विभिन्न मदों में विभागवार बजट तथा टेण्डर प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समीक्षा कर बजट का सदुपयोग तथा टेण्डर की नियमानुसार प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।



### केन्द्रीय मंत्री का प्रस्तावित भ्रमण फरवरी माह में

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम माह फरवरी के प्रथम सप्ताह में जिले में रहेगा। साथ ही दिशा की बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक के आयोजन हेतु सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारी पूर्ण रखें।

### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित समितियों की बैठकों का करें आयोजन

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला तथा ब्लॉक स्तर पर गठित समितियों की बैठकों का आयोजन विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जाए। इस कार्य को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने जन आरोग्य समितियों का गठन किया जाकर बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश दिए।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियां समय पर हो

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस पर विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराई जाए। उन्होंने शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण सहित गणतंत्र दिवस के आयोजन की बेहतर व्यवस्थाएं हो यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में वृंद्रावन ग्राम तथा क्षीरधारा योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वन ग्रामों में क्षीर धारा योजना के संचालन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कृषि फॉर्मर आई.एग्री.स्टेट,पीएम किसान सम्मान निधि की प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने पोषण ट्रेकर एप,आंगनवाडी केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण, बस्ती विकास के तहत निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजविहारीलाल श्रीवास्तव एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही समस्त एसडीएम,सीईओ जनपद पंचायत,मुख्य नगर पालिका अधिकारी गूगल मीट से जुडे।

---

## बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन बेहतर करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुव्यवस्थित हो साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्र समय पर खुलें यह सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित महिला एवं विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का आंगनवाड़ी केन्द्रों में पंजीयन कराया जाए। कोई भी बच्चा पंजीयकृत होने से छूटने न पाए। उन्होंने जनगणना 2011 पंजीयन अुनसार लक्ष्य एवं पूर्ती की समीक्षा करते हुये पंजीकृत गर्भवती महिलाएँ तथा धात्री माताओं के पंजीकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने माह दिसम्बर में घर में पका हुआ भोजन प्रदान करने,स्वसहायता समूहों की परियोजनावार स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में परियोजनावार कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की संख्या की जानकारी लेकर एनआरसी में भर्ती कराये जाने के आवश्यक निर्देश दिये गए। उन्होंने जिले में संचालित सक्षम आंनगवाडी केन्द्रों में सभी आवश्यक सामग्री एवं भवन की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हदय अभियान के सफल संचालन की प्रशांसा करते हुए निर्देश दिये कि अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री वाल आरोग्य संवर्धन के अंतर्गत सभी सेक्टरों में प्रगति लाई जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृवंदना योजनांतर्गत लक्ष्य के विरूद्ध पूर्ति के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर प्रगति लाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि मैदानी अधिकारी आंगनवाडी केन्द्रों का सतत भ्रमण कर सफल संचालन के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं देखें तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चंद्रसेना भिडे, सेक्टर सुपरवाइजर आदि रहे मौजूद।

---

### कार्यक्रम में खिलाड़ियों को बांटे पुरस्कार

## खेलों एमपी यूथ गेम्स के तहत कई गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में युवाओं को खेलों के जोड़ने के उद्देश्य से खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन कराया गया। अशोकनगर जिले में कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय तीन दिवसीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन सम्पन्न हुआ।






समापन अवसर पर खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। सोमवार को खेल आयोजन के तीसरे दिवस पर चंदेरी रोड स्थित नवीन इनडोर खेल परिसर में योगासन एवं टेबल टेनिस के आयोजन संपन्न कराए गए। मुख्य अतिथि भुवनेश शर्मा टी आई थाना देहात रहे। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ टेबल टेनिस भी खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 के बारे में और अधिक जानकारी देते हुए अरुण रघुवंशी जिला खेल अधिकारी द्वारा बताया गया कि ,इस प्रतियोगिता में चारों ब्लॉकों के खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

यह प्रतियोगिता 17 जनवरी 2026 से शुरू होकर 19 जनवरी 2026 को संपन्न हुई। इसके अंतर्गत कबड्डी, खो खो, हॉकी, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, योगासन टेबल टेनिस, क्रिकेट, बैडमिंटन, पिट्ठू, शतरंज आदि के आयोजन करवाए गए। जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिला स्तर के पश्चात चुने गए खिलाड़ी संभाग स्तर पर सहभागिता करेंगे। इनडोर स्टेडियम में योगासन एवं टेबल टेनिस के आयोजन हुए। योगासन में बालक वर्ग में ओम शर्मा प्रथम, केसर यादव द्वितीय ,देवांश शर्मा तृतीय ,बालिका वर्ग में आयुषी यादव प्रथम ,वैदिक का रघुवंशी द्वितीय ,और शिवन्या शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार टेबल टेनिस में विश्वजीत सिंह सिंगर चंदेरी काव्यांश जैन, नितिन साहू अशोक नगर ,देव श्रीवास्तव चंदेरी ,तरुण तिवारी चंदेरी एवं मृत्युंजय कोली चंदेरी का चयन संभाग स्तर के लिए हुआ। आयोजन के अंत में खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर ओपी शर्मा जिला क्रीड़ा अधिकारी अशोकनगर एवं महेंद्र यादव अध्यक्ष योग समिति अशोकनगर उपस्थित रहे। साथ ही वीरेंद्र कुमार, रेणु ओझा, राजेश कुमार खेल विभाग से एवं बृजेश अहिरवार टेबल टेनिस प्रशिक्षक के साथ ही योगासन के स्टाफ के रूप में शिव शर्मा सचिव, दिलीप रघुवंशी, धनपाल यादव, शिव राजपूत, शील कुमार यादव आदि रहे मौजूद।

## जोरशोर से आरंभ हुई कार्रवाई अब थमी, खुलेआम उपयोग हो रही अमानक पॉलीथिन

# 10 दिन में टांय-टांय फिस्स हुआ पॉलीथिन मुक्त राजगढ़ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब दो हफ्ते पहले स्थानीय पाटन रोड स्थित टैचिंग ग्राउण्ड में भीषण ठंड और पॉलीथीन इत्यादि के सेवन से एक दर्जन से अधिक गायों की मौत का मामला सामने आया था। गौ-सेवकों द्वारा एक गाय के ईलाज के दौरान गौमाता के पेट से निकली कईं किलो पॉलीथीन का वीडिया वायरल होने के बाद प्रशासन और नगर पालिका ने अपनी किरकिरी होते देख आनन-फानन में उसी दिन पॉलीथीन मुक्त राजगढ़ अभियान का आगाज कर दिया।

अभियान के तहत शुरूआती तीन दिनों तक नगर पालिका ने कईं बार शहर में मुनादियां करवाते हुए दुकानदारों को अमानक पॉलीथीन का इस्तेमाल करने पर जुर्माने की चेतावनियां देनी शुरू की। इसके साथ ही आमजनों से भी अपील की गई कि वे इस अभियान में नपा और प्रशासन का सहयोग करते हुए 40 माईक्रॉन से कम गुणवत्ता वाली पॉलीथीन का उपयोग बंद कर दें। लेकिन, हमेंशा की तरह शुरूआत में पूरी ऊर्जा के साथ शुरू किया गया नपा का यह अभियान दो हफ्ते बाद ही लगभग थम सा गया है। नगर की अमूमन सभी दुकानों पर



पहले की ही तरह दुकानदारों द्वारा निर्धारित मापदंड से कम गुणवत्ता वाली पॉलीथीन में सामान बेचना शुरू कर दिया गया है।

### पहले हफ्ते की गई दुकानदारों पर कार्रवाई

अभियान की शुरूआत के पहले हफ्ते में नगर के मेन मार्केट सहित साप्ताहिक हाट-बाजार में कईं दुकानदारों व प्रतिष्ठान संचालकों से नपा की टीम ने अमानक पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही शुरू की। न्रगर पालिका की कुछ टीमें इसी काम में लगा दी गई थीं। हिदायत और कार्यवाही का असर इतना था कि दुकानदारों ने कुछ दिनों तक पॉलीथीन रखना ही बंद कर दिया। लेकिन, अभियान की शुरूआत के एक हफ्ते बाद ही अब हालात फिर से पुराने ढर्रे पर लौट चुके हैं। स्थानीय लोगों एवं गौसेवकों का कहना है कि अगर नगर पालिका शुरूआत में उठाए गए अपने सख्त लहजे के तहत ही कार्यवाहियां करती रहती तो यह अभियान कुछ हद तक सार्थक हो पाता।

### अनेक स्थानों से भेजे जा रहे फोटो व वीडियो

पॉलीथीन का सेवन करते गौवंश और यहां-वहां फेंकी जा रही अमानक पॉलीथीन के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म्स पर नजर आ रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि नगर पालिका ने जिस सख्ती के साथ इस अभियान की शुरूआत की थी अगर उसी लहजे में अनवरत कार्यवाहियां होती रहती तो यह अभियान सफल कहा जा सकता था।

### बड़े कारोबारियों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

अमानक पॉलीथीन के उपयोग पर सख्त कार्यवाही करने एसडीएम द्वारा भी सख्त निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद छोटे दुकानदारों के यहां से पॉलीथीन जब्त करने की कार्यवाही के अलावा पॉलीथीन के थोक विक्रेताओं के यहां किसी तरह की कोई कार्यवाही देखने नहीं मिली।

# समाधान कैंपों में नदारद कर्मियों को सस्पेंड करने के कलेक्टर के निर्देश

## समय सीमा बैठक में संकल्प से समाधान कार्यक्रम की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में इन दिनों 'संकल्प से समाधान' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाए जा रहे हैं लेकिन कुछ कर्मचारी अभियान में रुचि न लेते हुए ड्यूटी स्थल ही नहीं पहुंच रहे हैं। यह जानकारी कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को मिलने पर उन्होंने ऐसे सभी लापरवाह कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश कल आयोजित समय-सीमा बैठक में अधीनस्थ अधिकारियों को प्रदान किए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन में निम्न प्रदर्शन पर कुरावर मंडी सचिव का स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने पर उनका 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने प्रदान किए। सीएम हेल्पलाइनों पर दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण न करने पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया वहीं संबंधित सीएम हेल्पलाइन प्रकरण में भूमि अर्जन की जांच के भी निर्देश दिए गए। बैठक में मंडी ब्यावरा के लिपिक की वेतनवृद्धि रोकने तथा मंडी सचिव की वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव आयुक्त को भेजने के निर्देश दिए गए। संकल्प से समाधान कैंपों में जनप्रतिनिधियों को सक्रिय रूप से आमंत्रित करने तथा नोडल अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### अगली बैठक में भी होगी समीक्षा

अगली समय सीमा बैठक में राजस्व, जल संसाधन एवं किसान कल्याण विभाग की 10-10 शिकायतों की समीक्षा किए जाने के निर्देश कलेक्टर ने प्रदान किए। इसके साथ ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जिन विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र के अभाव में छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई है, उनके जाति प्रमाण पत्र शीघ्र बनाए जाने हेतु संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## खुजनेर से फलोदी माता खैराबाद तक पद यात्रा के लिए रवाना



**खुजनेर।** राजस्थान के खैराबाद धाम में मेड़तवाल समाज की कुलदेवी मां फलौदी के प्रकोटोत्सव बंसत पंचमी उत्सव में शामिल होने एवं देश एवं समाज की सुख समृद्धि के लिए पिछले नो साल से नगर के योगेश मेडतवाल रामगढ़ वाले खैराबाद तक पैदल यात्रा कर रहे है इस वर्ष भी योगेश मेडतवाल की नौवी यात्रा है सोमवार को सुबह 10 बजे से श्री साँवलिया सेठ मंदिर चैक से पद यात्रा शुरू की जो पुराना बस स्टैंड, राजगढ़ चोराहा बस स्टैंड होते हुऐ संडावता के लिए रवाना हुए नगर में समाजजन द्वारा जगह जगह फुलमाला से स्वागत कर यात्रा के लिए रवाना वहीं योगेश पिछले नो सालों से खैराबाद के लिए पैदल यात्रा कर रहा हूं यहां मेरी नौवी पैदल यात्रा जो में खुजनेर से खैराबाद धाम तक 160 किमी तय कर फलौदी धाम पहुंचेगी।

## क्षत्रिय राजपूत विकास संगठन ने 320 प्रतिभाओं का किया सम्मान



**सारंगपुर।** समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, संस्कार और उभरती प्रतिभाओं में निहित होती है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए क्षत्रिय राजपूत विकास संगठन के तत्वाधान में ग्राम ग्वाड़ा में एक ऐतिहासिक प्रतिभा सम्मान एवं मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस गरिमामय आयोजन में समाज के शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 320 प्रतिभावान छात्रदृछात्राओं एवं युवाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज को संगठित कर नई दिशा देने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा राजपूत समाज का इतिहास शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण रहा है। आज की युवा पीढ़ी शिक्षा और खेल के क्षेत्र में जो उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही है, वह समाज के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।"उन्होंने युवाओं से अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## शासकीय भूमि पर धड़ल्ले से अवैध निर्माण, प्रशासन बना मूकदर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

तलेनी बड़ली क्षेत्र में शासन की नाक के नीचे शासकीय भूमि पर खुलेआम अवैध रूप से मकानों एवं बड़ी-बड़ी इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा मामला राजस्व विभाग से जुड़ा होने के बावजूद अब तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त भूमि पूर्व में राजस्व कर्मचारियों को भवन निर्माण के उद्देश्य से पट्टे पर दी गई थी। इनमें से कुछ कर्मचारियों ने स्वयं मकान निर्माण कराया, लेकिन कई कर्मचारियों ने शासन की अनुमति लिए बिना ही यह पट्टे ऊंचे मुनाफे के लालच में अन्य लोगों को बेच दिए। स्थिति यह है कि इन भूखंडों की न तो वैध रजिस्ट्री है और न ही नगर अथवा ग्राम पंचायत से किसी प्रकार की निर्माण अनुमति ली गई है, इसके बावजूद निर्माण कार्य लगातार जारी है। कई स्थानों पर भवन लगभग तैयार हो चुके हैं, वहीं कुछ अन्य भूखंडों पर जल्द ही नए मकानों का निर्माण प्रारंभ होने की तैयारी है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पूरा मामला प्रशासनिक जानकारी में होने के बावजूद राजस्व एवं संबंधित विभाग आंख मूंदकर बैठे हुए हैं, जिससे अवैध



निर्माण करने वालों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध निर्माण तत्काल रोके जाएं, दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके।

**इनका कहना हैं**

अगर ऐसा है तो जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी।
अजय सैंगर, पटवारी, तारागंज तलेनी

## संगठन सृजन अभियान के तहत सांरगपुर में कांग्रेस वार्ड कमेटियों का हुआ गठन



**सांरगपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह की सहमति से संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत रविवार को ब्लॉक व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में वार्ड क्रमांक 1 से 10 तक कांग्रेस की वार्ड कमेटियों का गठन किया गया। जिसमें अंसारी जमातखाना अमनखेल तथा गार्डन परिसर में आयोजित बैठकों में विधानसभा प्रभारी लोकेंद्र सिंह आरोलिया, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में आम सहमति से वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। वार्ड क्रमांक 1 से 3 तथा 4, 5, 6, 9 व 10 में अध्यक्ष नियुक्त कर कार्यकारिणी गठित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वार्ड कमेटियों के गठन से कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और आमजन की समस्याएं प्रभावी रूप से उठाई जा सकेंगी। कार्यक्रम के अंत में नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठनात्मक दायित्वों की जानकारी दी गई।इस दौरान प्रदीप सदानी,शफीक अंसारी, निजाम कुरैशी सहित कांग्रेसी मौजूद थे।

## शासकीय सांदीपनि विद्यालय में युवा जागृत मंच कार्यक्रम का आयोजन



**जीरापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के द्वारा शासकीय सांदीपनि विद्यालय युवा जागृत मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुरुआत में अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। मुख्य वक्ता उमा वैष्णव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया है उनका जीवन हमें संदेश देता है कि जब युवा जागृत होता है तभी राष्ट्र प्रगति करता है नगर मंत्री नरेंद्र सोंधिया ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रहित, राष्ट्रहित और समाजहित्त को केंद्र में रखकर युवाओं को संगठन सेवा और संस्कार से जोड़ने का कार्य कर रही है। अविनाश व्यास ने आभार एवं संचालन पूजा पवांर ने प्राचार्य कैलाश शर्मा, अर्जुन दांगी, रामेश्वर पवांर दीपक सोनगरा, निशा मालाकार, स्कूल स्टाफ, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कराते चैंपिशनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड मेडल




**राजगढ़।** गत दिवस देवास में आयोजित भारत रतन राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न आयुवर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कराते संघ के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया कि अंडर-15 कैडेगरी में दिशा पुत्री प्रकाश महावर, अंडर-18 कैटेगरी में भूमिका पुत्री दिलीप कुशवाह, बसंत पिता हेमराज विश्वकर्मा, घनश्याम पिता राजेश कुशवाह ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी तरह अन्य कैटेगरीज में धुरव पिता गजेंद्र शर्मा, शौर्य पिता प्रकाश महावर ने ब्रांच मेडल प्राप्त किए। इन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्रीडा भारती एवं कराते संघ पदाधिकारी कंचन सोनी, सचिन शर्मा, सुनील जाटव, विक्रम गुर्जर, सुनील बाफना, रणजीत अटकवार, नरेंद्र खिंची, गौरव अग्रवाल, सुभाष जंगले, इंद्रनारायण श्रीवास सहित गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**जीरापुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शासकीय महाविद्यालय सभागृह में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता शिक्षक रजनीश भावसार एवं विशेष अतिथि हार्टफूलनेस प्रशिक्षित वीरेंद्र कुमार मीणा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया छापीहेड़ा, प्राचार्य हिमांशु चास्टा, विकासखंड समन्वयक बीरम सिंह परमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित किया। प्रतिभागियों को शासकीय योजना अंतर्गत उद्यमी को लोन के बारे में जानकारी दी। स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत पर विचार रखे दैनिक जीवन में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं वह स्वदेशी हो विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना सहयोग दें।

## एनएसयूआई की कार्यकारिणी गठित

**ब्यावरा।** विधानसभा के अंतर्गत सोमवार को मलावर हाई स्कूल में एनएययूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर के निर्देशानुसार गादिया ब्लॉक अध्यक्ष अंकित पंवार द्वारा एनएययूआई की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान अभिषेक गुर्जर को अध्यक्ष, विशाल नागर को उपाध्यक्ष, सुमित यादव को उपाध्यक्ष, सुमित गुर्जर को महासचिव, अरविंद लववंशी को सचिव तथा गोविंद गुर्जर को प्रभारी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएययूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलावर के मुख्य गेट के बाहर कई दिनों से कचरा जमा है, जिससे विद्यालय की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर एनएययूआई द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र सफाई कराने की मांग की गई है। एनएययूआई ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 4 दिनों के भीतर कचरे का उचित निस्तारण नहीं किया गया, तो संगठन द्वारा शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

## कलश यात्रा, पूजन, कार्यक्रम व सहभोज से आयोजन संपन्न



**जीरापुर।** विराट हिंदू सम्मेलन अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रामलीला चौक से कलश शोभायात्रा यात्रा निकाली गईं, जो नगर के चोपड़ा बाजार बुधवारिया बाजार जवाहर चौक इंदर चौराहा आवास कॉलोनी छापेड़ा नाका होते हुए नवीन हाट बाजार तालाब परिसर पर पहुंची। कलश यात्रा में मातृशक्ति, युवा एवं सर्वहिन्दू समाज जन बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन के साथ विधि-विधानपूर्वक किया गया।

मुख्य वक्ता मंडलेश्वर अन्नपूर्णा गिरी साध्वी वर्षा ने अपने उद्बोधन से आयोजित सांस्कृतिक एवं वातावरण को भक्तिमय एवं राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रचारक हेमन्त सेठिया का प्रेरणादायी उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने हिंदू समाज की एकता,विराट ,हिन्दू संगठन और समरसता पर विशेष बल देते हुए संघ के पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्यों के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। वहीं भण्डावद आश्रम के रामानंद शास्त्री संत ने भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया तथा कहा कि श्रीराम के चरित्र से ही समाज को दिशा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में प्रत्येक ग्राम के दे पांड एवं संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति मंच पर रही, जिससे आयोजन की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा और अधिक क बढ़ी। शोभा यात्रा में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया कार्यक्रम के समापन अवसर पर भारत माता की भव्य आरती संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रभक्ति भाव के साथ सहभागिता की। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने सहभोज मे शामिल होकर सामाजिक समरसता का परिचय दिया। विराट हिंदू सम्मेलन ने नगर क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक संगठन एवं राष्ट्रभावना को नई ऊर्जा प्रदान की।

## अधिकारियों को सख्त निर्देश, लापरवाही पर की जाएगी कार्रवाई

# पेयजल व्यवस्था को लेकर मंत्री पंवार ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र के नगरीय एवं ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा को लेकर मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन को स्वच्छ, पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंत्री पंवार ने नगरीय पेयजल व्यवस्था को अनिवार्य रूप से दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी फिल्टर प्लांट तत्काल चालू कर नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर की नालियों की नियमित सफाई हेतु विशेष अभियान चलाने, सड़कों पर गंदा पानी दिखाई न दे, इसके लिए ठोस कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी ट्यूबवेल, टंकियों एवं वाटर प्लांट की



नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा समय पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। साथ ही एसडीएम दुबे एवं नगर पालिका को ब्यावरा एवं सुठालिया क्षेत्र में दूषित पानी की शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अवैध नल कनेक्शन एवं पेयजल लाइनों से तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। मंत्री पंवार ने जल निगम को ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित परियोजनाओं के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को कहा। विशेष रूप से पहाड़गढ़, बांकपुरा (कुशलपुरा)परियोजना के अंतर्गत ग्रामों का क्लस्टर बनाकर पेयजल स्थिति का निरीक्षण करने तथा ग्रामीण जनों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंत्री पंवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन हो और आमजन को किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, जनपद सीईओ आर. के. मंडल, ब्यावरा नगर पालिका सीएमओ इकरार अहमद, सुठालिया नगर परिषद सीएमओ रईस खान सहित नगर पालिका, जल निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।